# विदर्भ स्वाभिमान

www.vidarbhswabhiman.com

संपादक - सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे

9423426199/8855019189

❖ अमरावती, 15 से 21 जनवरी 2026 ❖वर्ष :16 ❖अंक- 35 ❖ पृष्ठ 8 ❖ मूल्य-4/-पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2025-2027❖डाक : शुक्रवार-शनिवार MAHHIN/2010/ 43881


## बाबूजी के आदर्श विचार



### जीवन की खुशियां

ज़ीवन में झूठ, स्वभाव में दगाबाजी से एक-दो बार आप किसी के साथ छल कर सकते हो लेकिन याद रखना कि आपके दिल में बैठे परमात्मा इसके गवाह होते हैं. उनकी नजरों से नहीं बच सकते हो. ऐसे में नाहक झूठ बोलना, मक्कारी करने का दस गुना परिणाम भुगतने के लिए सदा तैयार रहना. इससे अच्छा है कि किसी के साथ ऐसा न करें.

# आज मतदाता चुनेंगे अपना प्रतिनिधि

## शतप्रतिशत मतदान कर सभी अमरावती महानगर का गौरव बढ़ाएं, लोकतंत्र मजबूत बनाएं

**विदर्भ स्वाभिमान, 14 जनवरी**

मुंबई/अमरावती- गुरुवार को अमरावती, नागपुर सहित 29 महापालिकाओं के लिए चुनाव होने वाला है. महानगर पालिकाओं को स्थानीय सरकार कहा जाता है. कहते हैं कि महापालिकाओं में अच्छे लोगों के जाने के बाद शहर का विकास तेजी से होता है. लेकिन लोकतंत्र में आस्था रखने वालों के लिए यह चिंता की बात हो सकती है कि सरकार द्वारा अधिकाधिक मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी छुट्टी से लेकर सभी सुविधाएं देने के बाद भी मतदान का प्रतिशत क्यों नहीं बढ़ता है, यह सोच का विषय है. गुरुवार को सुबह 7.30 बजे से 5.30 बजे तक हमारे नगर सेवक के लिए चुनाव होने वाला है. हम सभी का परम कर्तव्य है कि हम महापालिका चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के माध्यम से बेहतरीन स्थानीय सरकार के गठन का प्रयास करना चाहिए.

मतदान का महत्व आज भी जब कई लोग नहीं समझ पाते हैं, मेरे एक वोट से क्या होगा, लेकिन एक वोट में सरकार गिराने की ताकत होती है, यह बात अनपढ़,गंवार नहीं समझें तो समझा जा सकता है लेकिन छुट्टियां रहने के बाद भी मतदान से कन्नी काटने वालों की संख्या देशभर में लाखों में है. सवाल यह है कि गलत लोगों को चुनकर पछताने की बजाय अगर पढ़े-लिखे, समझदार, राष्ट्रधर्म तथा मानव धर्म का पालन करने वाले, विकास का विजन रखने वाले और सभी को साथ लेकर चलने वाले लोगों के व्यक्तिगत चरित्र को ध्यान में रखकर शतप्रतिशत वोटिंग की जाए तो निश्चित तौर पर कई समस्याओं का समाधान स्वयं ही हो जाता है. मतदान के रूप में हमारे संविधान निर्माताओं ने बिना राजा-रंक का भेद किए मतदान के लिए बाड़ हथियार दिया है, इसके लिए मनपा आयुक्त सौम्या शर्मा के साथ ही सभी अधिकारिया क़े साथ ही दिन-रात एक कर दिया.दिव्यांगों , बुजुर्गों के लिए एम्बुलें स से लाने ले जाने की व्यवस्था की, वहीं दूसरी ओर मतदान केन्द्रों की जानकारी के लिए राज्य चुनाव आयोग द्वारा भी हरसंभव प्रयास किया गया. ऐसे में यह जरूरी है कि सभी मतदाता जिम्मेदारी के साथ मतदान करें और स्थानीय सरकार बेहतरीन बनाने के साथ ही मतदान के मामले में देश का नाम उज्वल करें. सवाल यह है कि मतदान नहीं करने वाले भी जब व्यवस्था को कोसते हैं तो निश्चित तौर पर बड़ा दुख होता है. मतदान बेचना तो सबसे बड़ा पाप है, इससे भी बचना चाहिए.

## साइबर ठगी में महिला को दो लाख से अधिक ठगा

**लखनऊ-** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में साइबर ठगी का मामला सामने आया है. यहां एक शख्स से वॉट्सएप पर महिला बनकर 1.92 करोड़ रुपए ठग लिए गए. आरोपी इमरान गाजी भाविका शेट्टी' नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर पीड़ित शलभपांडे से दोस्ती की और निवेश के बदले मोटे मुनाफे का लालच दिया.

## भारत 80वें नंबर पर

**नई दिल्ली-** विश्व के सबसे ताकतवर पासपोर्ट की लिस्ट में भारत सोडवायल मिला है. यह रैंकिंग हेनली पासपोर्ट में जारी की गई है. इसमें 199 पासपोर्ट को 227 देशों और टेरिटरी में वीजा फ्री पट्टी के आधार पर रैंक किया जाता है. पिछले साल भारत 85वें नबर पर था. यानी इस बार भारत की रैंकिंग पावदल का सुधार हुआ है. अब भारतीय पासपोर्ट हारक 55 देशों में बिना वीजा या वीजा ऑन अराइवल केजकर सकते हैं.

सनापर सबसे टॉप पर हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2303 अनुसार दुनिया के सबसे ताकतवर सस्ट शराया के पास है. सिंगापुर पहले स्थान पर जापान और दक्षिण कोरिया दूसरे स्थान पर हैं. नगर के नागरिक 227 में से 192 देशों में बिना पत्रा कर सकते हैं. जापान और दक्षिण कोरिया को को 138 देशों में वीजा फ्री एंट्री मिलती स्थान पर डेनमार्क, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, लक्जमबर्ग हैं. इन देशों के पासपोर्टधारकों देश में वीजा फ्री यात्रा की सुविधा है.


# महापालिका चुनाव की मतगणना 16 को, लगेगा चुनावी नतीजा

**विदर्भ स्वाभिमान, 14 जनवरी**




अमरावती- राज्य की महापालिकाओं के लिए गुरूवा मतदान के बाद मतगणना बिना तरह का विलंब किए दूसरे दिन शु 16 जनवरी को होने जा रही है. अमरावती मनपा के 87 सीटों के साथ ही राज्य के 2869 सीटों के नतीजे भी घोषित किए जाएंगे. इस मामले में सभी तैयारियां प्रशासन द्वारा कर ली गई हैं. मतगणना केन्द्रों की सुरक्षा के साथ ही सभी इंतजाम किया है. 15908 उम्मीदवारों का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया है. अमरावती सहित राज्य में महापालिकाओं के चुनाव को आगामी समय के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

महानगर पालिका चुनाव को लेकर जबर्दस्त उत्साह के बीच शहर में बनने वाली स्थानीय सरकार को लेकर भाजपा, कांग्रेस,राकांपा, युवा स्वाभिमान पार्टी प्रयासरत है, वहीं कई प्रभागों में वोटों का विभाजन करने के लिए अलग-अलग रणनीति काम कर रही थी.जिन महापालिकाओं के लिए गुरूवार को मतदान किया गया, उनमें नागपुर, छत्रपति संभाजी नगर, कोल्हापुर, सोलापुर, अमरावती, अकोला, चंद्रपुर, मुंबई, ठाणे, नई मुंबई, कल्याण डोंबिवली, मीरा भायंदर, वसई विरार, उल्हासनगर, भिवंडी, निजामपुर, पनवेल, नांदेड़ ळाघाला, पुणे, पिंपरी-चिंचवड, नाशिक, मालेगांव, परभणी, लातुर, सांगली-मिरज, कुपवाड, जलगांव, अहिल्यानगर, धुलिया,जालना तथा इचलकरंजी महापालिकाओं का समावेश है. मतगणना शुक्रवार को होकर नतीजे 4 बजे तक आ जाएंगे.




# विदर्भ स्वाभिमान

संपादकीय

## समझदारी से मतदान करेगा शहर का विकास

***महापालिका चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान होने जा रहा है. चुनाव को जितनी गंभीरता से मतदाताओं ने लेना चाहिए, उतनी गंभीरता से नहीं ले पा रहे हैं. ऐसे में जरूरी है कि अधिकाधिक मतदान हो, समझदार, शहर के प्रति सकारात्मक विचार रखने के साथ ही मानव सेवी प्रवृत्ति, विकास का विजन रखने वाले अच्छे उम्मीदवारों के व्यक्तित्व को ध्यान में रखकर मतदान करना चाहिए. शहर आज विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है, ऐसे में अच्छे लोगों के चुने जाने पर ही स्थिति बदलने को ध्यान में रखते हुए समुचित विचार करते हुए मतदान करना चाहिए. इस बार के जैसे चुनाव प्रचार कभी नहीं हुआ, इसमें स्थानीय मुद्दों की बजाय सभी ने राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर बेबाकी से विचार किया. गठबंधन का संभ्रम आखिरी तक बना रहा, हवा का पता कभी नहीं चल पाया. इसका पता तो चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद ही पता चलेगा. लेकिन जिस तरह से प्रचार हुआ और स्थितियों पर गौर करने के बाद मनपा के नतीजे चौकाने वाले रहने से इंकार नहीं किया जा सकता है. चुनाव के जाहिर प्रचार का आखिरी दिन मंगलवार को शाम ढलते-ढलते समाप्त होने के बाद सभी प्रत्याशियों ने अपने खास कार्यकर्ताओं के साथ व्यक्तिगत स्तर पर प्रचार किया. साथ ही शहर की वर्तमान हालत को देखते हुए विकास, जनसेवा, छल-कपट की राजनीति की बजाय शहर के हित के बारे में विचार करने वाले अच्छे लोगों को मौका देने का प्रयास करना चाहिए. जैसे ही प्रचार का शोर थमा, वैसे ही शहर के गली-मुहल्लों और चौपालों में सियासत और गहराने लगी है. हर चौपाल पर अपने वार्ड और शहर के राजनीतिक माहौल को लेकर चर्चा सुनाई दे रही है. सवाल एक ही है आखिर किसकी हवा चल रही है, प्रभाग में किसकी टक्कर है और कौन बाजी मार सकता है. सभी प्रभागों में दीवारों पर चिपके पोस्टर, घरों के दरवाज़ों पर लगे झंडे और मोबाइल पर घूमते संदेश यह संकेत दे रहे हैं कि मुकाबला बेहद कांटे का है. कहीं सत्ता पक्ष अपनी योजनाओं और विकास कार्यों का हवाला दे रहा है, तो कहीं विपक्ष बदलाव का दावा कर रहा है. चौपालों पर बुज़ुर्ग अपने अनुभव के आधार पर आकलन कर रहे हैं, युवा रोजगार और भविष्य की दिशा पर बात कर रहे हैं, जबकि महिलाएं योजनाओं के असर को परख रही हैं. चुनाव पांच साल में एक बार होता है लेकिन इसका असर शहर के विकास पर पांच वर्ष तक पड़ता है. इसको ध्यान में रखते हुए सभी को मतदान करने की जरूरत है. लोगों के मुताबिक समय रहते हमारा सही मतदान शहर की दिशा बदलने का काम करता है. महानगर के विकास, सुंदरता, समुचित सुविधाओं को ध्यान में रखकर मतदान करना चाहिए.***

# मतदान का महत्व और लोकतंत्र



विदर्भ स्वाभिमान

www.vidrabhswabhiman.com 9423426199




भारतीय लोकतंत्र में कुछ कमियों के बाद भी हमारा लोकतंत्र अगर सम्मानित है तो इसका पूरा श्रेय मतदाताओं को जाता है. चुनाव केवल पर्व नहीं बल्कि जिम्मेदारी का उत्सव समझते हुए हर मतदाता को अपने ब्रह्मास्त्र को पहचानते हुए अधिकाधिक मतदान करते हुए लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के साथ ही ग्राम पंचायत से लेकर दिल्ली तक अच्छे और सच्चे लोगों को साथ देना चाहिए. पार्टियों की विश्वसनीयता खत्म हो रही है, ऐसे में ऐसे लोगों को देखते हुए वोटिंग करनी चाहिए, ताकि बदलाव हो सके, जहां लोग वोट डालकर अपने पसंद का उम्मीदवार चुनेंगे और लोकतंत्र के इस पर्व का जश्न मनाएंगे. लेकिन कई बार देखा जाता है कि कई शहरों और राज्यों में वोटिंग प्रतिशत काफी काम होता है. जो किसी भी लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है. अमरावती मनपा के चुनाव में मतदाता मतदान करें और अधिकाधिक मतदान का रिकार्ड बनाएंलोकतंत्र में वोट देना सिर्फ एक अधिकार नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र का एक मूलभूत स्तंभ है जो नागरिकों को अपने देश के भविष्य को आकार देने का अधिकार देता है. भारत जैसे बड़े लोकतंत्र में वोट डालना बेहद महत्वपूर्ण कार्य है. आपका वोट लाखों लोगों के सपनों, चिंताओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है.

**राय की अभिव्यक्ति-**मतदान लोगों को उनके जीवन को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी राय और अभिव्यक्ति व्यक्त करने का मौका देता है. यह निर्वाचित प्रतिनिधियों को फीडबैक देने के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण माध्यम है. वोटर का सिर्फ एक वोट से राष्ट्र नीतियों को प्रभावित करने और राष्ट्र की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं.

**जनता की आवाज पर बनता है लोकतंत्र-**लोकतंत्र लोगों के द्वारा, लोगों के लिए शासन की एक प्रणाली है. मतदान एक माध्यम है जिसके द्वारा लोगों की आवाज सुनी जाती है और लोगों का प्रतिनिधित्व किया जाता है. जब नागरिक अपना वोट डालते हैं, तो वे निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं जो उनके देश की दिशा को परिभाषित करती है. मतदान न करने का अर्थ है दूसरों को अपनी ओर से निर्णय लेने की अनुमति देना.वोट देना सिर्फ एक अधिकार नहीं है; यह एक नागरिक कर्तव्य और जिम्मेदारी भी है. यह व्यक्तियों के लिए अपने राष्ट्र के कल्याण और प्रगति में योगदान करने का एक तरीका है. जब नागरिक इस मौलिक कार्य में संलग्न होते हैं, तो वे उन सिद्धांतों की रक्षा करने में मदद करते हैं जिन पर उनका समाज बना है.वोट देने के अधिकार को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए. अगर इतिहास को उठाकर देखें तो कई लोकतांत्रिक समाजों ने वोट डालने के अधिकार के लिए कड़ा संघर्ष किया है. इस अधिकार को सुरक्षित करने के लिए दुनिया भर के लोगों ने संघर्ष किया है और बलिदान दिया है. मतदान करके मतदाता उन लोगों की विरासत का सम्मान करते हैं जिन्होंने अधिक समावेशिता और प्रतिनिधित्व की वकालत की है.

# सफलतम व्यवसायी, संवेदनशील व्यक्तित्व

### जन्मदिन 12 जनवरी पर विशेष
### अभिनंदन बैंक की कामयाबी में एड.विजय बोथरा की महत्वपूर्ण भूमिका



अमरावती शहर के सुख्यात समाजसेवी, वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ ही सामाजिक कामों में भी सदा अग्रणी रहने वाले एड. विजय बोथरा को जन्मदिन 12 जनवरी पर विदर्भ स्वाभिमान परिवार की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं. आप स्वस्थ रहें, मस्त रहें,प्रभु चरणों में यही कामना.

अभिनंदन बैंक के अध्यक्ष के रूप में जहां बैंक को उन्होंने आसमानी कामयाबी पर पहुंचाया है, वहीं मानवीय संवेदना से परिपूर्ण व्यक्ति होने से हजारों मित्र परिवार जमा किया है. स्पष्ट दृष्टि और रणनीति बनाने में जहां एड. विजय बोथरा पारंगत है.वहीं दूसरी ओर बैंक को समाजसेवी तथा कल्याण में ही बनाने में भी सफल रहे हैं.टीम को प्रेरित और मार्गदर्शित करते हैं.निर्णायक और शांत आत्मा वाले रहकर उच्च नैतिकता और ईमानदारी तथा पारदर्शिता को वह अत्यधिक महत्व देते हैं.बैंक की प्रतिष्ठा और भरोसे को सबसे ऊपर रखा है .भ्रष्टाचार/अनैतिक व्यवहार से दूर रहने वाले बैंक अध्यक्ष होने के कारण वहीं दूसरी ओर बैंक की तरक्की तेजी से हो रही है.बैंकिंग, वित्त और नियमन की अच्छी जानकारी रखने वाले हैं.जोखिम को पहचानने और नियंत्रित करने की क्षमता.बजट, निवेश और ऋण नीतियों को समझना.ग्राहकों की जरूरतों को प्राथमिकता देकर उसके मुताबिक नीति बनाते हैं.शिकायतों और समस्याओं का त्वरित समाधान.ग्राहक संतोष को बढ़ावा देने सदा तत्पर रहते हैं.कर्मचारियों को सीखने और आगे बढ़ने के अवसर देने के साथ ही सभी की समस्याओं का निराकरण करने में भी आगे रहते हैं. नेतृत्व कैसा होना चाहिए, यह जहां उनसे सीखने लायक रहता है, वहीं बैंक अध्यक्ष के साथ ही आदर्श मित्र किस तरह होना चाहिए, इसका आदर्श उदाहरण एड. विजय बोथरा हैं. किसी की बात को सुनना और फिर समुचित जवाब देने की गंभीरता किसी कोभी प्रभावित करती है. विविधता और समावेशन को महत्व दे.डिजिटल बैंकिंग, सुरक्षा और तकनीकी बदलावों को अपनाने में सक्रिय किया है.प्रतिस्पर्धा में आगे रहने की योजना बनाकर शेयरधारकों के साथ स्पष्ट और नियमित संवाद.नीति और निर्णयों को सरल भाषा में समझाते हैं.



खुशियों भरा ये दिन तुम्हारे लिए आए,सपने पूरे हों और हर पल मुस्कुराए।

जन्मदिन मुबारक हो तुम्हें मेरी तरफ से,जीवन में हमेशा सफलता तुम्हारा साथ पाए।

**सुदर्शन गांग,बडनेरा**
प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष,
अभिनंदन अर्बन बैंक,अमरावती.

विदर्भ स्वाभिमान

यह समाचार पत्र मालिक, प्रकाशक,संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे द्वारा एस.बी.प्रिंटर्स द्वारा दत्त पैलेस गांधी चौक अमरावती में मुद्रित कर विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय,छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती में प्रकाशित किया गया है.मोबाइल नंबर 9423426199/8855019189.अखबार में प्रकाशित होने वाले विभिन्न पत्र,साहित्य,लेखकों,कवियों के विचारों व तथ्यों पर आधारित होते हैं. इनसे संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है.संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे (संपादकीय दायित्व हेतु जिम्मेदार), मुख्य प्रबंधक- सौ.वीणा सुभाषचंद्र दुबे.Email-vidarbhäswabhiman@gmail.com.www.vidrabhswabhiman.com,rni. no MAHHIN/2010 43881

# क़ुंदन पाटिल उत्तम श्रमिक पुरस्कार से सम्मानित

**विदर्भ स्वाभिमान,14 जनवरी**

**देवास-** शहर की सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कम्पनी जी जी आटोमोटिव गियर्स लि देवास के प्रतिभाशाली मजदूर कुंदन पाटिल को उनके उत्कृष्ट कार्यों ,समाजसेवा के कार्यों एवं मजदूरों के हितेषी कार्यो के लिए मध्य प्रदेश श्रम कल्याण मण्डल द्वारा प्रदेश स्तरीय उत्तम श्रमिक पुरुस्कार 2023/24 के चुना गया.मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर शहर में 18 दिसम्बर 2025 को प्रदेशभर से आए प्रदेश स्तरीय लगभग एक हजार उत्कृष्ट खिलाड़ीयों के मध्य खेल प्रतियोगिता कि शुरुवात उद्घाटन सत्र से हुई सर्व प्रथम दीप प्रज्ज्वलित करने के उपरांत मुख्य अतिथि के सम्बोधन हुआ उपरांत सर्व प्रथम उत्तम श्रमिक पुरुस्कारों का विवरण किया गया जहां देवास शहर से जी जी आटोमोटिव गियर्स लि देवास के प्रतिभाशाली श्रमिक कुंदन आत्माराम पाटिल का नाम सर्व प्रथम पुकारा गया जहां मुख्य अतिथि श्री जालम सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री मंत्री एवं स्थानीय कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह मण्डल कल्याण आयुक्त श्री बसंत कुर्रे अध्यक्ष रामस्नेही पाठक के हाथों कुंदन पाटिल क़ो प्रमाण पत्र, शिल्ड एवं पुरस्कार की राशि 25000 का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया.

जीजी आटोमोटिव गियर्स लि देवास के सभी सहकर्मी मित्र परिवार हर्षित उत्साहित एवं गोरवान्वित महसूस कर रहें है. साथ ही कुंदन पाटिल मित्र मण्डल जगदीश भाटी, राहुल हिंगे, सचिव सोलंकी कृष्णा बेरागी, साहित्य मित्र डा अनिल कुमार प्रधान, पं नंदलाल त्रिपाठी मणि, वासुदेवन शेष महेंद्र पारासय आदि ने हर्ष व्यक्त किया है. पत्र लेखन संघ के योगेन्द्र सिसोदिया, मंगेश श्रीवास्तवने शुभकामनाएं दी.




# ग्राम पंचायत कार्यालय,सिंदी बु.

## ता.अचलपुर ,जि. अमरावती

## निविदा सूचना क्रमांक 1

या द्वारे ग्राम पंचायत सिंदी बु. ता.अचलपुर,जि.अमरावती कडून खालील विविध कामासाठी 15वां वित्त आयोग व अ.जा. व. नवबौद्ध वि.यो. योजना अंतर्गत जि.प.बांधकाम विभाग पंजीकृत कंत्राटदाराकडून बी-1 पद्धतीने लिफाफाबंद निविदा मागविण्यात येत आहे. कोरी निविदा ग्रा.पं.कार्यालय सिंदी बु. कडून देण्यात येईल.

| अनु. क्रमांक | योजनेचे नाव | मंजूरी वर्ष | क़ामाचे नाव | अंदाजित किमंत रू.(लाख) | कोरी निविदा मिळण्याचे दिनांक | निविदा उघडण्याचे दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15वा वित्त आयोग | 2024-25 | बंदिस्त सीमेंट नाली बांधकाम करणे. वार्ड क्र. 2 | 2,50,000,/- | 16-01-2026 ते 20-01-2026 | 21-01-2025 ला कार्यालयीन वेळेत उघडण्यात येईल |
| 2 | 15वा वित्त आयोग | 2024-25 | बंदिस्त सीमेंट नाली बांधकाम करणे. वार्ड क्र. 3 | 2,50,000,/- | 16-01-2026 ते 20-01-2026 | 21-01-2025 ला कार्यालयीन वेळेत उघडण्यात येईल |
| 3 | 15वा वित्त आयोग | 2024-25 | बंदिस्त सीमेंट नाली बांधकाम करणे. वार्ड क्र. 4 | 2,50,000,/- | 16-01-2026 ते 20-01-2026 | 21-01-2025 ला कार्यालयीन वेळेत उघडण्यात येईल |
| 4 | 15वा वित्त आयोग | 2024-25 | बंदिस्त सीमेंट नाली बांधकाम करणे. वार्ड क्र. 5 | 2,50,000,/- | 16-01-2026 ते 20-01-2026 | 21-01-2025 ला कार्यालयीन वेळेत उघडण्यात येईल |
| 5 | 15वा वित्त आयोग | 2024-25 | नाली सफाई करणे वार्ड क्र. 1 ते 5 | 2,00,000,/- | 16-01-2026 ते 20-01-2026 | 21-01-2025 ला कार्यालयीन वेळेत उघडण्यात येईल |
| 6 | अ.जा.व.नव बौद्ध वि.यो | 2025-26 | सीमेंट,नाली व रस्ता बांधकाम करणे | 5,00,000,/- | 16-01-2026 ते 20-01-2026 | 21-01-2025 ला कार्यालयीन वेळेत उघडण्यात येईल |
| 7 | अ.जा.व.नव बौद्ध वि.यो | 2025-26 | सीमेंट,नाली व रस्ता बांधकाम करणे | 5,00,000,/- | 16-01-2026 ते 20-01-2026 | 21-01-2025 ला कार्यालयीन वेळेत उघडण्यात येईल |
| 8 | नागरी सुविधा योजना | 2025-26 | सीमेंट रस्ता बांधकाम करणे | 10,00,000,/- | 16-01-2026 ते 20-01-2026 | 21-01-2025 ला कार्यालयीन वेळेत उघडण्यात येईल |
| 9 | नागरी सुविधा योजना | 2025–26 | सीमेंट रस्ता बांधकाम करणे | 10,00,000,/- | 16-01-2026 ते 20-01-2026 | 21-01-2025 ला कार्यालयीन वेळेत उघडण्यात येईल |

### अटी व शर्ती

1) निविदा ह्या दोन लिफाफा पद्धतीने टाकणे अनिवार्य राहील.
2) कामाचा 1 टक्के बयाना रक्कम चा डी.डी.सोबत जोडणे अनिवार्य राहील.
3) निविदा मंजूर/नामंजूर करण्याचे अंतिम अधिकार ग्राम पंचायत कार्यालयास राहील.

**सरपंच/सचिव**
ग्राम पंचायत सिंदी बु.
ता.अचलपुर,जि.अमरावती.

# पतित पावन श्रीहरी ही कर सकते हैं मेरी रक्षा

**गतांक से जारी-** माधव का पश्चाताप उसे परेशान करने लगा. उसे लगा कि बुरे कर्म से केवल पतित पावन भगवान श्रीहरी ही उसकी रक्षा कर सकते हैं.'गुस्तर ब्रह्मण कुल में जन्म लेकर काम वासना से चंडालिन के साथ रहकर मैंने घोर पाप किया- अब पतित पावन श्रीहरि ही मेरी रक्षा कर सकते हैं.' इस रूप में पश्चाताप करते समय, कुछ भक्त राजागण वेंकटाद्रि की यात्रा पर जा रहे थे. उनके साथ वह भी गया. उनके भोजन करने के बाद बचा-कुचा जूठन को खाकर देहाभिमान और दंभ को छोड़कर कपिल तीर्थ पहुँच गया. शेषाचल से गिरनेवाले झरने को देखकर उसे नमस्कार किया. वहाँ जब राजाओं के द्वारा केश खंडन करते समय स्वयं भी केश खंडन करवा लिया. उनके द्वारा पिंड प्रदान करते समय उसने भी मिट्टी से पिंड प्रदान किया. उसके इस पिंड दान से उसके पितृ देवतागण तृप्त हुए. इसे सुनकर जनक ने शतानंद से इस रूप में कहा. 'चंडाल कन्या से रहकर कुलहीन बनकर चुप रहने की जगह इस रूप में उसके पिंड दान करने से उसके पितृ देवतागण ने कैसे पिंड दान स्वीकार किया?' जवाब में शतानंद ने इस रूप में कहा. 'हे जनक ! कपिल तीर्थ में पहले स्नान करने के पुण्य से उन्होंने पिंड दान को स्वीकार किया है.उसका पुण्य ऐसा रहा. इससे अलग एक और महिमा के बारे बताऊँगा. वह अगले दिन बैंकटगिरि पर्वत पर चढ़ गया. उस पर्वत स्पर्श मात्र से उस ब्राह्मण

## विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की भक्तिमय सेवा

## विश्वास वाले भक्तों को हर पल होता है तिरूपति में अनुभव

**कहते हैं कि श्रद्धा से विश्वास और विश्वास से असंभव भी संभव हो जाता है. कलयुग के देवता भगवान व्यंकटेश्वर बालाजी के करोड़ों भक्त विश्वभर में फैले हैं. पिछले 25 साल से उनकी भक्ति से क्या-क्या अनुभव किया है, इसको ध्यान में रखते हुए अनाथों के नाथ, निराधारों के आधार तिरूपति निवासा भगवान व्यंकटेश्वर की कथा यहां प्रस्तुत कर रहे हैं. हर गुरूवार को विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की यह भक्तिमय सेवा प्रभु चरणों में अर्पित है. निर्मल मन से प्रभु गोविंदा की भक्ति करने पर इसका अनुभव आप भी कर सकते हैं.तिरूमल तिरूपति देवस्थानम तिरूपति द्वारा प्रकाशित मातृश्री तरिगोंड वेंगमांबा की श्री वेंकटाचल की महिला से साभार लिया जा रहा है.जय गोविंदा,जय गोविंदा, जय गोविंदा.**डिजिटल संस्करण

www.vidarbhswabhiman.com/9423426199

के सारे पाप शिथिल होकर कांपते हुए उस अंदर न रह पाकर उलटी हो गए. तब उस घोर अरण्य में वेंकटादि प्रभाग से अग्नि बनकर जलते समय गगन दिग्भागों में लपटें और घ्र छा गया. तब ब्रहम, वामदेवादि ने स्वर्ग से पधार कर आश्चर्य से इसे दे

**ब्रह्म के द्वारा माधव को वरदान प्रदान करना-**तब वेंकटाचल की महामहिमा से दावाग्नि पैदा होकर उसने विप्र पापों को जला डाला. इसे माधव की महिमा समझकर उसके शीर्षक फूलों की वर्षा करवायी. ब्रह्म ने धरती पर उत्तर कर हंसते हुए माधव के देखकर उसे आशीर्वाद दिया. तब माधव ने अपने को कृतार्थ समझक ब्रह्म की स्तुति की. भय से मुक्त होकर हाथ जोड़कर नमस्कार किया माधव ने देवताओं से इस रूप में कहा. 'हे देव ! विवेक को छोड़कर समय मैंने पाप किए. अति नीच बना. अब मेरी गति कैसे होगी. कृपया बताइए.आर्ति बनकर उसके इस रूप में पूछने पर ब्रह्म ने कहा. ने विप्र ! अब तुम्हारे सारे पाप भस्म हो गए. अब संशय मत करो. वेंकटा, पर अति शीघ्र जाओ. वहाँ स्वामी की पुष्करिणी में स्नान करके भूवगा स्वामी की पूजा करो. उन्हें नमस्कार करो. तब तुम इस शरीर को त्याग करो.

तदुपरांत धरती पर धन्य पांडव दौहित्रवंशज सुवीर के पुत्र के हा में पैदा हो जाओगे. तब उस सुधर्म के आत्म बंध बनकर धरती पर नारायणपुर में रहते हुए हरि भक्ति से निर्मल चित्त से अच्छे कार्य कर्म रहो. तोंड मंडल देश का धर्म मार्ग से पालन करो. तब रमेश श्रीवेंकटेश तुम्हारी पुत्रिका से प्रेम से विवाह करेंगे. धरती पर लक्ष्मी के अंश से एव सुंदर पत्री तुमको होगी. प्रीति से उस पुत्रिका का विवाह श्रीहरि के साथ करो. तदुपरांत मोद से वैकुंठपुरि पहुँच जाओ.' ब्रह्म ने माधव में इस रूप में




कहा.

**6 बेकट नाम की परिभाषा और पुण्य फल-**माधव को ब्रह्म देव ने इस रूप में वरदान देकर उसे विदा किया. संतोष के साथ उस पर्वत को वेंकटाचल सार्थक नाम दिया. तदुपरांत ब्रह्म, रूद्रादि देवतागण अपने निजी स्थानों पर लौट गए.' कहते सुनकर जनक ने 'वेंकटाक्षरत्रय का अर्थ बताइए' शतानंद से पूछा. तब शतानंद ने इस रूप में कहा. 'सुनो. 'वे' नामक पाप के ईंधन को 'कट' युगलक्षराग्नि ने मुख्य रूप से भस्म किया. इसलिए हे अवनी नाथ ! बैंकटगिरि नाम इस गिरि के लिए सार्थक हो गया. इसलिए प्रातःकाल ही उठकर वेंकटाद्रि का स्मरण करने वाले धीर को अवनि में क्रम से सौ गंगा स्नान, हजार सेतु यात्रा करने का पुण्य फल प्राप्त होगा.लाखों भक्त यहां सदा आते हैं. ज़ीवन में खुशियां लाने वाले गोविंदा की कृपा सभी पर बरसती रहे, यही कामना. ज़य गोविंदा

**शेष अगले अंक में**

विदर्भ स्वाभिमान
RNI NO. MAHHIN/2010/43881
संपादक : सुभाषचंद्र दुबे प्रबंधक : सौ. विणा एम. दुबे

| | | |
|---|---|---|
| जाहीर सुचना | 10x2 | 500 |
| जाहीर सुचना | 15x2 | 1000 |
| बच्चों का जन्मदिन | 10x2 | 500 |
| शादी की वर्षगांठ | 10x2 | 500 |
| नाम में बदल | 10x2 | 500 |
| गुमशुदा | 10x2 | 400 |
| श्रध्दांजलि | 10x2 | 500 |
| पुण्यस्मरण | 15x2 | 1000 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
विदर्भ स्वाभिमान, छाया कॉलोनी, अमरावती
मो. 9423426199/ 8855019189

विदर्भ स्वाभिमान

मानव धर्म, माता-पिता सेवा महात्म्य तथा राष्ट्रधर्म प्रोत्साहित करने वाला अखबार

## आवश्यक नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112,100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबलैंस सेवा | 102 |
| यातायात पलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |
| साइबर अपराध | 1930 |

# दिलदार,संस्कार वाले राजा माणुस कमलकिशोर मालानी

आज जन्मदिन
15 जनवरी विशेष








अमरावती शहर में सामाजिक तथा धार्मिक सेवा के कार्य में अग्रणी रहने वाले कमलकिशोर मालानी बोलने में कम और करने में अधिक विश्वास रखने वाले व्यक्ति हैं. युवा स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में जहां पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास करते हैं, वहीं सामाजिक स्तर पर भक्तिसागर सेवा समिति, माहेश्वरी समाज, राजस्थानी हितकारक मंडल, हरीना फाउंडेशन, व्यापारी संगठन सहित दर्जनभर संगठनों में महत्वपूर्ण पदों पर बेहतरीन सेवाएं दे रहे हैं.जहां सामाजिक कामों में अग्रणी हैं, वहीं समाज की एकता तथा शहर के विकासार्थ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.अमरावती शहर में राष्ट्रीय स्तर के योग शिविर के आयोजन में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका संरक्षक के रूप में थी.

राणा दम्पति के सेवा कार्य का प्रभाव उन पर दिखाई देता है. पूर्व सांसद और भाजपा नेत्री नवनीत राणा और जन सेवा के लिए कुछ भी करने के लिए तत्पर रहने वाले बडनेरा के डैशिंग विधायक रवि राणा को सामाजिक सेवा का प्रेरणास्त्रोत मानते हैं. उनका कहना है कि जिंदगी में जितना भी संभव हो सके हर व्यक्ति को सामाजिक कार्यों के लिए अपना योगदान देने का प्रयास करना चाहिए.सुस्वाभावी, माता-पिता के आदर्श संस्कारों में पले-बढ़े कमलकिशोर मालानी आज न केवल अमरावती बल्कि विदर्भ स्तर पर पहचाने जाने वाले समाजसेवी हैं. संपन्नता में भी विनम्रता जहां उनकी खूबी है, वहीं उनका अपनापन किसी को भी प्रभावित करता है. वरिष्ठ अधिकारियों के साथ युवा स्वाभिमान पार्टी के महत्वपूर्ण पदाधिकारी रहने के बाद भी वे सेवाभाव से परिपूर्ण रहकर सेवा कार्यों में सदा आगे रहते हैं. मिलनसार स्वभाव के कारण हजारों मित्र परिवार उन्होंने बनाए हैं और आदर्श संस्कारित परिवार को अपनी सबसे बड़ी ताकत मानते हैं. सामाजिक क्षेत्र के साथ राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले कमलकिशोर मालानी हरदिलअज़ीज़ व्यक्ति हैं. सेवा भावना जहां कूट-कूट कर भरी है, वहीं बिना किसी तरह का शोर-शराबा किए जरूरतमंदों की मदद तथा सामाजिक एकता के साथ ही शहर विकासार्थ सक्रिय रहते हैं. उन पर संत गाड़गेबाबा महाराज के मानव सेवी विचारों का बचपन से ही प्रभाव रहा है. भक्ति सागर सेवा समिति के विभिन्न धार्मिक उपक्रमों की सराहना न केवल शहर बल्कि समूचे विदर्भ में होती है.

उनका मानना है कि आदर्श समाजसेवी वह होता है जो निस्वार्थ भाव से समाज के उत्थान के लिए कार्य करता है.उनका जीवन दूसरों की भलाई में समर्पित है. वह जाति, धर्म, भाषा या वर्ग का भेदभाव नहीं करते हुए मानव धर्म को केन्द्र में रखकर कार्य करते हैं.आदर्श समाजसेवी कमल किशोर मालानी का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रेम, एकता, सहयोग और सेवा की भावना जागृत करना रहता है.वह गरीबों, असहायों, बीमारों और वंचितों की सहायता का जहां प्रयास करते हैं, वहीं शहर में बड़े धार्मिक आयोजनों में भी भूमिका निभाते हैं.अशिक्षा, बेरोजगारी, नशाखोरी, महिला अत्याचार और पर्यावरण प्रदुषण को मिटाने के लिए वह निरंतर प्रयासरत रहते हैं. उनका मानना है कि अमरावती शहर ने उन्हें अपार प्रेम दिया है, उसे लौटाने का हरसंभव प्रयास अपने स्तर पर करते हैं. उनके स्वभाव में जहां सादगी है, वहीं जनसेवा में त्याग, करुणा, सहनशीलता, और दृढ़ निश्चय जैसी गुणों के कारण उन्हें हर कोई चाहता है और अपने दुःख-दर्द बताता है, वे भी अपने स्तर पर इसका निराकरण करने का प्रयास करते हैं. आदर्श समाजसेवी के रूप में दूसरों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझते हुए यथासंभव सहयोग की भावना रखते हैं. कुल मिलाकर मानवता के उपासक के साथ ही राजनीतिक क्षेत्र में युवा स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में पार्टी मजबूती के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं. उनके 15 जनवरी को जन्मदिन पर हम सभी की शभकामनाएं. आप स्वस्थ रहें मस्त रहें, प्रभु चरणों में यही कामना. अपने जन्मदिन पर गौमाता की सेवा के साथ ही सामाजिक तथा धार्मिक सेवा के कार्यक्रम लेकर सदैव संदेश देते हैं. अंत में उनके जन्मदिन पर यह शायरी के साथ..

खुशियों भरा ये दिन तुम्हारे लिए आए,सपने पूरे हों और हर पल मुस्कराए।

जन्मदिन मुबारक हो तुम्हें मेरी तरफ से,जीवन में हमेशा सफलता तुम्हारा साथ पाए।







**गुरूवार 15 से 21 ज़नवरी 2026 तक का भविष्य**

**मेष**-मेष राशि के लोग आम तौर पर बहुत चतुर स्वभाव के होते हैं. इनकी खासियत यह है कि ये बहुत जोशीले और जिद्दी स्वभाव वाले तथा अपमान बर्दाश्त नहीं करने वाले होते हैं. किसी बात को तब तक नहीं स्वीकार करते हैं, जब तक इनका खुद का नुकसान नहीं हो रहा हो. नया साल भाग्यदायी साबित हो सकता है.

**वृषभ**-यह सप्ताह भागदौड़ से भरा रहेगा. आपका मन अशांत रहेगा. स्वास्थ्य में गिरावट महसूस करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में कोई बड़ी डील हाथ से निकल सकती है. परिवार में किसी अपने का दुखद समाचार प्राप्त होगा. पत्नी से मतभेद हो सकते हैं.

**मिथुन**-थोड़ी सी मेहनत भी आपको कामयाबी दिला सकती है. रिश्तों में विवाद टाले. अपनों के बारे में चिंता की संभावना है.यह स्थिति कैरियर के लिए नुकसानदेह हो सकती है. छात्रों को स्पर्धा परीक्षा के लिए की गई मेहनत का पूरा फायदा मिलने वाला है.

**कर्क**-दिखावे के चक्कर में कर्ज का बोझ बढ़ाने से बचें . आपसी सहमति नहीं बनने से कार्यस्थल पर विरोधाभासी स्थिति बन सकती है. धार्मिक यात्रा हो सकती है.

**सिंह**-सप्ताह खुशियों वाला रहेगा. नाहक के विवाद से बचने का प्रयास करना श्रेयस्कर होगा. लीक से हटकर चलना फिलहाल जोखिमपूर्ण है. वाहन चलाते समय सावधानी बरतना उचित रहेगा. किसी से भी नाहक के विवाद से बचने का प्रयास लाभदायी होगा.

**कन्या**-विरोधी साजिश में फंसाने का प्रयास कर सकते हैं. ऐसे में सतर्कता बरतना जरूरी है. संयम से काम लेना उचित रहेगा. सप्ताह में माता-पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. उन्हें खुश रखने का बेहतरीन फल प्राप्त हो सकता है. परिवार में किसी से विवाद से बचना श्रेयस्कर होगा.

**तुला**-घर और कार्यालय के बीच तालमेल बिठाना जरूरी होगा. किसी से विवाद नहीं करना ही इस समय श्रेयस्कर है. सप्ताह बेहतरीन है. समुचित मेहनत आपको इच्छा पूर्ति करने में कामयाबी दिला सकती है.

**वृश्चिक**-दूसरों को प्रभावित करने के लिए स्वभाव में बदलाव का प्रयास करेंगे. निश्चित कामों में सफलता मिलने की संभावना है.प्रयासों की निरंतरता जरूरी. छात्रों के लिए पढ़ाई का बेहतरीन मौका है. स्पर्धा परीक्षा में सफलता के योग हैं.

**धनु**-गुस्से से बना बनाया काम बिगड़ सकता है. विनयशीलता और प्रेम से काम लेने का प्रयास करें. वाहनादि धीरे से चलाएं. परिवार में किसी के साथ मनमुटाव से बचें . आपका भाग्य चमक सकता है.

**मकर**-घर के बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. समय रहते कदम उठाना उचित रहेगा. अपनों से विवाद टालें. ठंड बढ़ने से स्वास्थ्य संबंधी समस्या पैदा हो सकती है. संबंधों पर विशेष ध्यान दें.

**कुंभ**-सप्ताह बेहतरीन रहने वाला है. मेहनत और समझदारी जरूरी है. स्वास्थ्य के मामले में ध्यान देना जरूरी है. इस सप्ताह प्रभु की कृपा से बड़ा काम हो सकता है. किसी से नाहक विवाद करने से बचें. अपने काम पर ध्यान देकर बेहतरीन करने का प्रयास करें. सप्ताह आपके लिए अत्याधिक फलदायी है.काम बनने और लोगों का सहयोग मिलेगा.

# दिल के राजा व्यक्ति हैं हुकमीचंद खंडेलवाल

## भक्तिभाव से रहते हैं ओतप्रोत, मिलनसार, हंसमुख व्यक्ति,सामाजिक धार्मिक कार्यों में सदा सक्रिय

**प्रतिनिधि, 14 जनवरी**

**अमरावती - शहर के सुख्यात प्रापर्टी व्यवसायी, संपादक, समाजसेवी, धार्मिक कार्यों में अग्रणी व्यक्तित्व के रूप में हुकुमीचंद खंडेलवाल न केवल शहर बल्कि जिले में सुख्यात व्यक्तित्व हैं. मिलनसार तथा मददगार स्वभाव के कारणहजारों मित्र परिवार बनायाहै. पत्नी जहां कंधे से कंधा मिलाकर साथ देती हैं, वहीं बेटे भी आदर्श पिता की तरह समर्पित रहते हैं.**

उनके मिलनसार स्वभाव के साथ ही उनके हंसमुख व्यक्तित्व के कारण लाखों मित्र परिवार है. उनके चेहरे की हंसी अन्यों को सदैव प्रोत्साहित करने का काम करती है. दोनों बेटे भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. बातचीत में कहते हैं कि जितना संभव हो सके, उतना सभी को नेकी के काम में योगदान देना चाहिए. शहर विकास के साथ ही समाजसेवी व्यक्ति के रूप में सुख्यात है. यही कारण है कि उन्हें सभी का अपार प्रेम मिलता है. उनका कहना है कि हर व्यक्ति को अपने स्तर पर समाजसेवी कामों में सक्रिय रहना चाहिए. विभिन्न सामाजिक उपक्रमों के माध्यम से क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित व्यक्तित्व हैं. जुना बायपास रोड स्थित संत गजानन महाराज मंदिर, हनुमानजी, राम लक्ष्मण जानकी के साथ ही हनुमानजी के मंदिर के संचालन में जहां वे सक्रिय रहते हैं, वहीं सदैव यहां विभिन्न कार्यक्रमों का सिलसिला चलता है. विभिन्न संत महात्माओं के दर्शन, आशिर्वाद के साथ ही धार्मिक टूर पर भी जाते रहते हैं. उनके मुताबिक जीवन पानी का बुलबुला है. जितना किसी के काम आएगा, उतना ही बेहतरीन रहेगी.

सदैव लोगों की मदद में भी अग्रणी रहते हैं. उन्होंने हजारों मित्र परिवार बनाए हैं. शहर विकास कामों के लिए प्रयासरत रहते हैं. प्रापर्टी व्यवसाय के साथ ही पत्रकारिता के माध्यम से जनसेवा में समर्पित रहते हैं.माता-पिता के भक्त के साथ पूज्य सुधांशूजी महाराज , मां कनकेश्वरी देवी सहित संत महात्माओं की सेवा एवं आदर्श विचारों को प्रचारित करने में भी आगे रहते हैं.

सदैव मुस्कराहट है खूबी

जीवन में सुख-दुख सभी के पीछे लगा रहता है. लेकिन हुकुमीचंद खंडेलवाल की सबसे बड़ी खूबी उनके चेहरे पर सदैव मुस्कराहट है. कभी



**विदर्भ स्वाभिमान**
**साक्षात्कार**

भी उनके चेहरे पर उदासी नहीं रहती है. दर्जनभर से अधिक संगठनों के पदाधिकारी रहने के बाद भी कभी उनमें किसी बात को लेकर गर्व नहीं रहता है. उनकी यही सादगी उनके व्यक्तित्व को आसमानी उंचाई प्रदान करती है. वे कहते हैं कि जब हम अच्छी सोच के साथ कोई कामकरते हैं तो निश्चित ही इसमें सफलता मिलती है.

सामाजिक कामों में न केवल अग्रणी रहते हैं बल्कि कुछ साल पहले खंडेलवाल सेवक के माध्यम से उन्होंने अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया था. यह अपने आप में उपलब्धि थी. सर्वत्र बेहतरीन आयोजन की सराहना की गई थी. समाज के लिए समर्पित रहने के साथ ही मानवता की सेवा की सीख वे सभी को देते हैं.

उनके मुताबिक आदर्श विचार और संस्कार जीवन में कभी पीछे नहीं लेकर जाते हैं.

पहले और आज के दौर में जमीन आसमान का अंतर रहने की बात वे स्वीकार करते हैं. उनके मुताबिक पहले लोगों के पास पैसे कम थे लेकिन आत्मीयता अधिक थी. लोगों के चेहरे एक थे. लेकिन आज स्थिति अलग रहने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि लेकिन यह भी संतोष की बात है कि आज भी समाज में अच्छे, समझदार तथा समाज के लिए कुछ करने की मानसिकता वाले लोग हैं. खंडेलवाल समाज के सामाजिक कामों में भी सदैव अग्रणी रहने वाले हुकुमीचंद खंडेलवाल मिलनसार स्वभाव के धनी है.उनके मुताबिक प्रेम, आत्मीयता ऐसे इत्र हैं, जिनकी खुशबू लगातार बढ़ती रहती है. इतना ही नहीं तो जब हम किसी को प्रेम देते हैं तो उसका उत्तर हमें उसी रूप में मिलता है. उनकी सादगी,विनम्रता किसी को भी प्रभावित करती है.सामाजिक के साथ ही शैक्षिक गतिविधियों में जहां लगे रहते हैं. नया साल सभी के जीवन में खुशियां लाए, दो साल से कोरोना के कारण हुई मानसिक परेशानी दूर हो, ऐसी कामना उन्होंने प्रभु चरणों में की. नए साल की सभी को शुभकामनाएं देने के साथ ही जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने वालों के प्रति कृतज्ञता जताई. साथ ही सदैव यही प्रेम, आत्मीयता बनाए रखने का आग्रह किया.उन्हें जन्मदिन पर विदर्भ स्वाभिमान परिवार तथा हजारों मित्र परिवार की ओर से करोड़ों मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं. अंत में

*हर दिन से प्यारा लगता है हमें ये खास दिन,*
*जिसे बिताना नहीं चाहते आप बिन।*
*वैसे तो दिल देता है सदा ही दुआ आपको,*
*फिर भी कहते हैं मुबारक हो जन्मदिन आपको।*

***विदर्भ स्वाभिमान डेस्क.***


**जन्मदिन के ये ख़ास पल मुबारक,आँखों में बसे नए ख्वाब मुबारक,**
**जिंदगी जो लेकर आई है आपके लिए,वो खुशियों की हंसीं सौगात मुबारक।**
**जन्मदिन की शुभकामनाएं।**



हर दिन से प्यारा लगता है हमें ये खास दिन,
जिसे बिताना नहीं चाहते आप बिन।
वैसे तो दिल देता है सदा ही दुआ आपको,
फिर भी कहते हैं मुबारक हो जन्मदिन आपको।

प्यारा लगता है हमें ये खास दिन,
जिसे बिताना नहीं चाहते आप बिन।
वैसे तो दिल देता है सदा ही दुआ आपको,
फिर भी कहते हैं मुबारक हो जन्मदिन आपको।

यारों के दिलदार यार, सुख्यात प्रापर्टी व्यवसायी,संपादक,समाजसेवी
## हुकुमीचंद खंडेलवाल
को जन्मदिन 11 जनवरी पर करोड़ों शुभकामनाएं. सुख,समृद्धि व स्वस्थ रहें, प्रभु चरणों में यही कामना. भैया को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं.
शुभेच्छुक
***हुकुमीचंद खंडेलवाल मित्र परिवार,***
विदर्भ स्वाभिमान परिवार,अमरावती.

# लाखों लोगों ने बहिरम मेले में की शिरकत, रविवार को होगी भीड़




**विदर्भ स्वाभिमान, 14 जनवरी**

**चांदूर बाजार-** चांदूर बाजार तहसील के बहिरम यात्रा ने हर बार की तरह इस बार भी रिकार्ड बनाया है. डेढ़ महीने तक चलने वाली यात्रा का समापन होने वाली स्थिति है. ऐसे में यह तय है कि रविवार 18 जनवरी को रिकार्ड भीड़ उमड़ने वाली है. न केवल अमरावती जिला बल्कि समूचे विदर्भ और पड़ोसी प्रांतों से भी हजारों की संख्या में भक्त यहां पहुंचकर रोड़गे, बांगे की सब्जी का जहां आनंद ले रहे हैं. वहीं दूसरी ओर समापन के करीब पहुंचे मेले में बच्चों के साथ ही सभी से भीड़ लगी है. रोड़गा, बैगन की सब्जी के साथ ही हजारों भक्त एक ही दिन पहुंचे और पुलिस तथा प्रशासन द्वारा यहां पर बेहतरीन व्यवस्था की जा रही है.

नववर्ष के दूसरे रविवार का भी सातपुड़ा की गोद में स्थित बहिरम बाबा की यात्रा में श्रद्धालुओं की रिकार्ड भीड़ उमड़ पड़ी- मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों की आवाजाही रहने के साथ ही विदर्भ सहित महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे- प्राकृतिक सौंदर्य,आस्था और परंपरा के संगम के कारण इस यात्रा का विशेष महत्व है- नववर्ष का पहला रविवार होने से इस वर्ष भीड़ ने रिकॉर्ड स्तर छू लिया- भारी भीड़ के मद्देनजर पुलिस बंदोबस्त और यातायात नियंत्रण की पुख्ता व्यवस्था रहने की जानकारी थाना प्रभारी महेंद्र गवई ने दी. कुल मिलाकर हर साल की तरह इस साल भी बहिरम यात्रा ने रिकार्ड स्थापित किया.

विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

विदर्भ स्वाभिमान 75 आजादी का अमृत महोत्सव आचार-विचार वाला अखबार

महाराष्ट्र के साथ ही उत्तर प्रदेश में तेजी से लोकप्रिय हो रहे राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक विदर्भ स्वाभिमान के लिए विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है. मेहनती ही संपर्क करें.

- संपर्क -
विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय
छाया कॉलोनी,अकोली रोड, अमरावती.
मो. 9423426199, 8855019189










आचार, विचार, संस्कारों के साथ ही संयुक्त परिवार, मानवता और भारतीयता को समर्पित सर्वाधिक लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र के ग्राहक बनकर अच्छाई को बढ़ावा देने में अपना हाथ बंटाए, आज ही सदस्यता फार्म भरें

विदर्भ स्वाभिमान

संपर्क
9423426199/8855019189

# क़ई मामले में हटकर हो रहा है इस बार का मनपा चुनाव

## बढ़ी पार्टियों के साथ ही कई नेताओं की साख भी दांव पर, सभी ने बहाया जमकर पसीना

**विदर्भ स्वाभिमान, 14 जनवरी**

**अमरावती-** भारतीय संविधान और लोकतंत्र महान है. यही कारण है कि आज हमारे पड़ोस के कई राष्ट्र में उथल-पुथल, सरकारों का तख्ता पलटने का दौर, अराजकता रहने के बाद भी हमारा देश सबसे महान और चुनाव व्यवस्था के मामले में कुछ कमियों के बाद भी सबसे पवित्र और समझदार माना जाता है. ग्राम पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव तक यहां पर जिस शांति से होता है और लोगों द्वारा विरोधाभासों के बाद भी इस प्रक्रिया में शामिल होकर गौरवमयी किया जाता है, वह निश्चित ही गर्व करने लायक है.

अमरावती महानगर पालिका का चुनाव 9 साल से अधिक समय बाद गुरूवार को होने जा रहा है. इसमें कई रिकार्ड दर्ज हो रहे हैं. सबसे अधिक पार्टियां, निर्दलीय के साथ ही इस चुनाव से कई नेताओं की लोकप्रियता और साख जुड़ी है. पहली बार मुस्लीम समाज किसके साथ रहता है, इसको लेकर चर्चाएं की जा रही हैं. ऐसे में चुनाव नहीं बल्कि शहरवासियों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है. चुनाव शहर की स्वच्छता, सुंदरता की दिशा तय करेगा. शतप्रतिशत मतदान से शहरवासियों को देश में शहर का स्वाभिमान बढ़ाने का भी मौका मिलने वाला है.

इस वर्ष का चुनाव यह संभवत: पहला ऐसा महानगर पालिका का चुनाव होगा, जिसमें सबसे अधिक पार्टियों ने भाग लिया, उसी तरह इसमें स्थानीय समस्याओं, मुद्दों की बजाय राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के मुद्दे हावी रहे. शहर में साफ-सफाई से लेकर अनगिनत समस्याएं हैं लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान किसी भी राजनीतिक दल द्वारा स्थानीय समस्याओं पर स्पष्ट रूख अथवा इन समस्याओं को हल करने की दिशा में क्या विजन है, इसके बारे में किसी भी तरह का रूख व्यक्त नहीं किया. इस चुनाव में पहली बार दो शिवसेना, दो राकांपा जहां मैदान में उतरी, वहीं भाजपा-युवा स्वाभिमान के बीच का गठबंधन कुछ दिनों का रहा और टूटना भी अजूबी घटना है.

इस बार के प्रचार में महिलाओं को लुभाने वाली राज्य स्तरीय लाड़ली बहन योजना का श्रेय जहां उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लेने का पूरा दावा किया, वहीं मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, उपमख्यमंत्री अजीत पवार, केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रताप जाधव, एमआईएम के असदद्दीन ओवैसी, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, सांसद इमरान प्रतापगढ़ी सहित कई नेताओं ने शहर में चनावी प्रचार सभाएं की लेकिन इन सभाओं में स्थानीय मुद्दे नदारद ही रहे. किसी ने लाड़ली बहन योजना का श्रेय लेने पर ही पूरा भाषण ठोंका तो किसी ने सांप्रदायिक ताकतों पर हमला करने का कार्य किया. पहली बार मनपा चुनाव में स्थानीय मुद्दों को किसी भी पार्टी ने कोई महत्व नहीं दिया.

मनपा चुनाव में इस बार सबसे अधिक पार्टियां और उनके प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं, वहीं प्रभाग प्रणाली रहने के कारण निर्दलीय प्रत्याशियों के लिए पूरे प्रभाग में जनसंपर्क करना किसी चुनौती से कम नहीं रहा. पहली बार उम्मीदवारों के साथ 5-7 कार्यकर्ता ही प्रभाग तथा कॉलोनियों में घूमते और मतदाताओं से वोट मांगते देखे गए. स्थानीय बेहतरीन सरकार के लिए सुंदर और अच्छे लोगों के साथ मतदान के रिकार्ड का रिकार्ड शहरवासी बनाएं, यही कामना मैं करता हूं.


# आदर्श भाई, धर्म पर चलने वाले शंकरलाल मनोजा

## विनम्र आदरांजली



ज़ीवन में जिसने जन्म लिया है, उसे एक न एक दिन दुनिया छोड़ना पड़ता है. लेकिन शंकरलाल मनोजा ने अपने कार्य से जहां परिवार, समाज को गौरवान्वित किया, वहीं दूसरी ओर मिलनसार स्वभाव के कारण दुनिया में हजारों मित्र बनाए. आदर्श भाई, पति, पिता के साथ ही बेटे की भूमिका भी निभाई. विदर्भ स्वाभिमान उन्हें विनम्र आदरांजलि अर्पित करता है. स्थानीय रामकृष्ण अपार्टमेंट अर्जुन नगर के वासी स्थानीय कृष्णा नगर के रहवासी स्वर्गीय गोदावरी एवं गुरमुखदास मनोजा आपकी घर आंगन में जन्मे परिवार में 6 भाइयों में यह चौथे नंबर के भाई रहे एवं इनको तीन बहनें इस संयुक्त परिवार में श्रीमती शोभा शंकरलाल मनोजा सहित एक पुत्र सहित दो पुत्री के परिवार में शंकरलाल मनोजा बचपन से ही एक जवाबदार एवं संतुलन रखने वाले व्यक्तित्व में से एक मिसाल रहे. अपने पैरों पर खड़े होकर आत्मनिर्भरता की वे एक मिसाल बने. हाल ही में अमरावती के पटेल मार्केट स्थित दिव्या साड़ी के संचालक ने अपने परिवार एव व्यवसायिक जवाबदारियों का निभाकर अपने आध्यात्मिक उन्नति में संत निरंकारी मंडल से जोड़कर निरंकारी सेवादारी के रूप में उन्होंने समाज सेवाएं प्रदान की है निरंकारी सत्संग में हमेशा सहभागी लेकर तू ही निरंकार में तेरी शरण हर की पल-पल सिमरन से सदैव संतुलित अवस्था में अपने जीवन शैली को बरकरा रखकर अपने परिवार को सदैव निरंकारी मिशन से जुड़कर उन्होंने निरंकारी रहने का संदेश दिया है. हमेशा बातचीत में वह कहते थे कि निरंकार ने हमें बहुत कुछ दिया है अब हम दुनिया को क्या दे सकते हैं?इस बात पर अवश्य चिंतन होना चाहिए.10 जनवरी 2026 की शाम जब उन्होंने अपने प्राण त्यागे और परिवार को जब इसकी सूचना प्राप्त हुई तब परिवार ने तुरंत उनके नेत्रदान का निर्णय लेकर जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी रोशन रहेगी दुनिया.एक संदेश दुनिया को देखकर शंकरलाल मनोजा के इस नेत्रदान से उनके चैरिटी की एक मिसाल समाज के सामने पेश की है अपने जीवित रहते हुए कई सारे लोगों को निरंकारी मिशन से जोड़कर संतुलित जीवन शैली को आनंद लेने हेतु उन्होंने मिशन से कई सारे लोगों को जोड़ा .अपने संदेश से उन्होंने समाज सेवा के लिए लोगों को निरंकारी मिशन से जोड़ने का यह एक उदाहरण पेश किया है.निश्चित रूप से प्रेरणा की इस मिसाल स्वर्गीय शंकरलाल गुरमुखदास मनोजा आपको कोटि-कोटि नमन. परमात्मा से प्रार्थना है कि निश्चित रूप से उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देंगे. अपने कार्यों से वे सदा याद आएंगे. हमारी ओर से विनम्र आदरांजलि.

डेटाराम गुरमुखदास मनोजा





उपाध्याय ड्रायफ्रूट्स एन्ड फुडस्,जवाहर रोड के भीतर,अमरावती






*गुणवत्ता विश्वसनीयता तत्पर सेवा*

शालेय, महाविद्यालयीन पाठ्य पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विभिन्न किताबे, रजिस्टर, नोटबुक्स, कम्पास सहित सभी प्रकार की फाइलें,बुक्स, स्टेशनरी का एकमात्र विश्वसनीय स्थान. रियायती कीमत तथा तत्पर सेवा ही हमारी विशेषता है.

--संपर्क--

प्रथमेश बुक व जनरल स्टोअर्स, रविनगर चौक, अमरावती.


### परमार्थ ही साथ जाता है

जीवन में जो लोग केवल अपने लिए जीते हैं, उनकी तुलना पशुओं से की गई है. लेकिन जो स्वयं के साथ ही परमार्थ के लिए जीते हैं, उनका जीवन आदर्श रहता है. सदा अच्छी सोच के साथ परमार्थ का प्रयास करें.


सन् 1967 पासून

अमरावती शहरात वाजवी दरात सर्वात जास्त प्लाटस्चे सौदे करणारे एकमेव इस्टेट एजंट

संजय एजंसीज्

टाऊन हॉल समोर, नेहरू मैदान,अमरावती.फोन 2564125,2674048



मजबूत,टिकाऊ, उच्चगुणवत्तायुक्त नवीन मकान विकायचा आहे. गुढीपाडवा आणि चैत्र नवरात्रिच्या हार्दिक शुभेच्छा. 2 बीएचके किचन ट्राल्या, पीओपी कलरिंग सोबतचच पंखे गिझर सर्व तयारी.इच्छुकांना स्वत: भेंट देऊन खात्री करावी. शांतिनिकेतन स्कूल रोड,पुष्पक कॉलनी मेन रोड पूर्व मुख्य 1350 फुट बांधकाम

संपर्क मोबाइल नंबर

9881388450